दैनिक भास्कर सोनीपत 30-12-2025

सेवानिवृत्ति पर नरेंद्र शर्मा को दी विदाई

सोनीपत| ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में क्लर्क पद से 29 वर्षों की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए नरेंद्र शर्मा के सम्मानित कर विदाई दी। विद्यालय के चेयरमैन एस. के. शर्मा ने कहा कि नरेंद्र शर्मा ने अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल कायम की। निदेशक धीरज शर्मा ने उनके समर्पण को अनुकरणीय बताया, जबकि प्रधानाचार्य उमेश कुमार ने प्रशासनिक कार्यों में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य कृति चौधरी, शाखा प्रभारी निशा शर्मा, सुरभि सहित विद्यालय परिवार ने उन्हें शॉल, स्मृति-चिह्न व उपहार भेंट कर सम्मानित किया। नरेंद्र शर्मा ने प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

सेवानिवृत्ति पर नरेंद्र को दी गई विदाई। स्रोत : स्कूल

सोनीपत (वि)। ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में वित्तीय विभाग में कार्यरत नरेंद्र को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। वे ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में लगभग 30 साल से कार्यरत रहे। प्रधानाचार्य उमेश ने नरेंद्र की कार्यशैली पर प्रकाश डालते उनकी कर्मठता की चर्चा की।